10

छत्तीसगढ़ शासन,

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,

मंत्रालय.

क्रमांक 2007/आयुस/34–2/2003 रायपुर, दिनांक 26/9/2003

प्रति,

प्रमुख अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
रायपुर ।

2116 / 7/10/03.

विषय: स्वच्छता सप्ताह के पूर्वगामी सप्ताह मे अर्थात13 से18 अक्टूबर 2003 तक टंकियों की सफाई का कार्यक्रम ।

—00—

विभाग द्वारा कियान्वित की गई जल प्रदाय योजनाओं मे उच्चस्तरीय टंकी एक अभिन्न एवं महत्वपूर्ण अवयव है ,जिसके माध्यम से नागरिकों को उपचारित पेयजल प्राप्त होता है । अतः उपयोग मे लायी जा रही टंकीयों का स्वच्छ होना अति आवश्यक है । विगत वर्ष भी टंकीयों के सफाई हेतु आदेश दिये गये थें ,परंतु आदेशों का पालन कितना हुआ इसकी जानकारी मंत्रालय को नहीं दी गई ।

इसी अनुवर्तन मे इस वर्ष भी 13 से 18 अक्टूबर 2003 तक सभी टंकियों की सफाई का सप्ताह मनाया जाए । इसमे सभी नगर निगमों के अंतर्गत पेयजल टंकियों की सफाई का कार्यक्रम रखा जाये । इसी प्रकार नगर पालिका एवं नगर पंचायतों तथा ग्रामीण क्षेत्रों मे नलजल एवं थलजल योजनाओं के अंतर्गत बनी टंकियों की सफाई कराई जाए ।

सभी टंकियों का नंबरिंग किया जाए तथा इस बारे मे एक कम्प्यूटर प्रोग्राम संधारित कराया जाए । इस प्रोग्राम मे कौन–सी टंकी को किस तारीख को साफ कराया गया है अंकित कर राज्य शासन को प्रतिवेदन प्रस्तुत कराया जाए । साथ ही , संबंधित टंकियों पर भी उसकी सफाई की तारीख को पेन्ट कराया जाए तथा सफाई के लिए निर्धारित अगली तिथि भी अंकित कराई जाए ।

उपरोक्त आदेशों का कड़ाई से पालन हेतु सुनिश्चित करें ।

अपर मुख्य सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग